दिन–रविवार दिनांक– 23 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि सरकार परीक्षाओं में विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा संचालित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे।

———————————————————————————

बिहार पुलिस ने नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में झारखण्ड के देवघर जिले से छह लोगों को गिरुफ्तार किया है। देवघर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि संदिग्धों को देवीपुर पुलिस थाना क्षेत्र में एम्स, देवघर के निकट के एक मकान से पकड़ा गया और बाद में बिहार भेज दिया गया है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई इस मामले की छानबीन कर रही है। ईओयू की टीम पकड़े गए लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है।

———————————————————————————

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय तथा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने भाग लिया। हाल में झारखण्ड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम सहित कई राज्यों में भूस्खलन और बाढ़ से जुड़ी कई घटनाएं हुई। इस समय असम में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है और कई जिलों के लाखों लोगों पर इसका

असर पड़ा है। पिछले महीने चक्रवात रेमल से भी त्रिपुरा में काफी नुकसान हुआ था। मौसम विभाग ने इस वर्ष सामान्य से अधिक मॉनसून का अनुमान व्यक्त किया है।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है। राज्य के कुछ हिस्सों में कल मॉनसून के प्रभाव से बारिश होने की संभावना है। अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, वैशाली, गोपालगंज, भागलपुर, बांका और आस–पास के हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। वहीं, विभाग ने रोहतास, औरंगाबाद, भोजपुर और अरवल जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान भीषण लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि पच्चीस जून को कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में गरज के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

राज्य के भूमिहीनों को तीन डिसमिल जमीन दी जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में शिविर लगाकर भूमिहीन लोगों के बीच बासगीत पर्चा वितरित किया जाएगा। किशनगंज में उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ आवास बनाने की घोषणा की है, उसका सीधा लाभ प्रदेश के गरीब नागरिकों को भी मिले इसके लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के गर्दनीबाग में निर्माणाधीन बापू टावर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शेष बचे सभी कार्यों को तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने पहले और पाचवें तल पर चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण स्थल का निर्माण कार्य एक से डेढ़ महीने में पूरा हो जाएगा और जल्द ही इसका उद्घाटन भी होगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंतराज, राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा और कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————————————————

महान राष्ट्रवादी नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर आज श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया और सांसद डॉ. संजय जायसवाल समेत अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

————————————————————————————————————

छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सली हमले में शहीद बीएसएफ जवान मदन सिंह का अंतिम संस्कार कल औरंगाबाद जिले के कुटुंबा स्थित उनके पैतृक गांव सरसा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीमा सुरक्षा बल और जिला पुलिस के जवानों ने शहीद को अंतिम सलामी दी।

————————————————————————————————————

अररिया के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने सीवान में आयोजित चौदहवीं सब जूनियर, जूनियर और सीनियर बालक–बालिका प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते हैं।

————————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।